भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5884

सोमवार, 30 मार्च, 2026 / 09 चैत्र, 1948 (शक)

तमिलनाडु में ई.एस.आई.सी. चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार

†5884. श्री अ. मनि:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) ने तमिलनाडु में विशेष रूप से बढ़ते औद्योगिक कार्यकलापों वाले जिलों में बीमित कामगारों के लिए ई.एस.आई.सी. चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और सुलभता का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या धर्मापुरी जिले के कामगारों और लाभार्थियों को वर्तमान में ई.एस.आई.सी. अस्पतालों में उपचार प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के जिलों की यात्रा करनी पड़ती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को धर्मापुरी जिले में ई.एस.आई.सी. अस्पताल स्थापित करने या ई.एस.आई.सी. औषधालय को पूर्ण विकसित अस्पताल में उन्नत करने हेतु कोई प्रस्ताव या अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके क्या परिणाम रहे हैं;

(घ) क्या तमिलनाडु में बीमित कामगारों की बढ़ती संख्या और उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए बिस्तरों की क्षमता बढ़ाने, विशिष्ट विभाग शुरू करने और ई.एस.आई.सी. अस्पतालों के आधुनिकीकरण का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) धर्मापुरी जैसे अल्पसेवित वाले जिलों में ई.एस.आई.सी. स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना के विस्तार के लिए निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने तमिलनाडु में बीमित कामगारों के लिए चिकित्सा सुविधाओं में सुधार हेतु कदम उठाए हैं।

वर्तमान में, तमिलनाडु में 11 ईएसआई अस्पताल हैं। इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु के बीमित कामगारों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे राज्य में 241 ईएसआई औषधालयों का एक नेटवर्क संचालित है।

जारी.. 2/-

इसके अतिरिक्त, ईएसआईसी ने चिकित्सा सेवाओं की सुलभता और उपलब्धता में सुधार के दृष्टिकोण से तमिलनाडु में तूतुकुडी, श्रीपेरंबुदूर, कन्याकुमारी, डिंडीगुल, इरोड और चेंगलपट्टू में छह नए 100 बिस्तरों वाले अस्पतालों की स्थापना को मंजूरी दी है।

वर्तमान में धर्मापुरी जिले में 2 ईएसआई औषधालय संचालित हैं। निकटतम ईएसआई अस्पताल सेलम और कृष्णगिरि जिले के होसुर में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, तिरुपुर स्थित ईएसआई अस्पताल भी लगभग 160 किलोमीटर की दूरी पर सुलभ है।

ईएसआईसी संबंधित राज्य सरकारों की सहमति से ईएसआई अस्पताल/औषधालय स्थापित करने या मौजूदा अस्पताल/औषधालय के उन्नयन के लिए अनुमोदन प्रदान करता है। धर्मापुरी जिले में ईएसआई अस्पताल स्थापित करने या ईएसआई औषधालय को एक पूर्ण विकसित अस्पताल में उन्नयित करने का कोई भी प्रस्ताव तमिलनाडु सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

ईएसआई अस्पतालों का आधुनिकीकरण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। ईएसआई अस्पताल, मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री गायनोकोलॉजी एंड ऑब्सटेट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, पीडियाट्रिक्स आदि जैसी विभिन्न विशिष्टताओं में मल्टी-स्पेशियलिटी/द्वितीयक देखभाल चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हैं। ईएसआई अस्पतालों में आईसीयू /एचडीयू सुविधाओं के माध्यम से गंभीर रोगी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवाओं के दायरे में निवारक, संवर्धनात्मक, उपचारात्मक और पुनर्वास सेवाएं शामिल हैं।

बीमित कामगारों की बढ़ती संख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 2023 में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, केके नगर, चेन्नई की बिस्तर क्षमता को 550 से बढ़ाकर 1000 करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

*****